कार्यालयः प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0

//सूचना पत्र//

कमांक–....481...../दो–05–04/2021 राजगढ, दिनांक–..11../02/2022

माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के जिला एवं सत्र न्यायालयों की स्थापना पर चतुर्थ श्रेणी (वाहन चालक, भृत्य/चौकीदार/जलवाहक, माली एवं स्वीपर) कलेक्टर रेट/आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों की सीधी भर्ती/नियुक्ति हेतु विज्ञापन कमांक 120/परीक्षा/2021 दिनांक–26.10.2021 जारी किया गया है। इसी अनुक्रम में न्यायिक जिला स्थापना राजगढ़ पर भर्ती/नियुक्ति हेतु दिनांक 15.01.2022 से 17.01.2022 तक साक्षात्कार कार्यक्रम निर्धारित किया गया था किंतु कोविड–19 वायरस, डेल्टा एवं ओमिक्रॉन पॉजिटिव केसेस की संख्या में अत्यधिक तीव्रता से बढ़ौतरी होने के कारण उक्त दिनांकों में आयोजित साक्षात्कार कार्यक्रम स्थगित किया गया था।

वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण का प्रभाव कम होने तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा भीड़ एकत्रित होने पर लगाए गए प्रतिबंध को शिथिल किए जाने के फलस्वरूप इस जिला स्थापना पर आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी/कलेक्टर रेट (वाहन चालक, भृत्य/चौकीदार/जलवाहक एवं माली) चतुर्थ श्रेणी प्रवर्ग की भर्ती हेतु साक्षात्कार की तिथियां निम्नानुसार है :–

पूर्व में निर्धारित तिथियां	साक्षात्कार हेतु निर्धारित नवीन तिथियां	प्रवर्ग
15.01.2022 से 17.01.2022 तक	26.02.2022 (शनिवार)	भृत्य/चौकीदार/जलवाहक
	27.02.2022 (रविवार)	भृत्य/चौकीदार/जलवाहक/वाहन चालक
	28.02.2022 (सोमवार)	वाहन चालक/माली

संबंधित अभ्यर्थियों के नवीन प्रवेश पत्र माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट पर शीघ्र ही अपलोड किये जायेंगे। संबंधित अभ्यर्थी माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की आधिकारिक वेबसाईट से अपना नवीन प्रवेश पत्र का प्रिंट प्राप्त करें।

11/02/2022

ए0 के0 भाटिया
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0

कमांक—......482....../ दो—05—04 / 2021 राजगढ, दिनांक—..11.. / 02 / 2022

<u>प्रतिलिपि</u> :—

1. निज सचिव, माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय, (न्यायिक जिला राजगढ़) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इंदौर की ओर माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित।
2. रजिस्ट्रार जनरल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, (परीक्षा) म0प्र0 उच्च न्यायालय जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित साथ ही यह भी अनुरोध है कि सेवा प्रदाता टी.सी.एस. को न्यायिक जिला स्थापना, राजगढ़ पर दिनांक 26.02.2022 से 28.02.2022 तक साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित होने की सूचना समस्त प्रवर्ग के अभ्यर्थियों को एस.एम.एस. अथवा अन्य माध्यम से तत्काल देने हेतु निर्देशित करने एवं माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर प्रकाशित / अपलोड करवाने का कष्ट करें।
4. अध्यक्ष / सदस्य, मुख्य साक्षात्कार समिति, राजगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग, राजगढ़ की ओर जिला न्यायालय के सूचना पटल पर चस्पा कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने बाबत् प्रेषित।
6. कलेक्टर, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. पुलिस अधीक्षक, जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद् राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. जूनियर सिस्टम एनॉलिस्ट, राजगढ़ की ओर इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त आदेश म.प्र. उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।
10. जनसम्पर्क अधिकारी, जिला राजगढ़ की ओर प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना पत्र मध्यप्रदेश राज्य के समस्त दैनिक समाचार पत्रों में प्राथमिकता के आधार पर प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करें।
11. समस्त संबंधित तदानुसार सूचित हों।

11/02/2022

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0